**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 10.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को किया नष्ट, सेना ने एस–400 हवाई रक्षा प्रणाली, सूरत और सिरसा में हवाई क्षेत्रों को नष्ट करने के पाकिस्तानी दावे को किया खारिज।**
2. **भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच राज्य सरकार ने जारी की एडवाइजरी, आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को किया गया अलर्ट।**
3. **राज्य सरकार ने पेसा कानून का दूसरा मसौदा किया सार्वजनिक, लोगों से मांगे सुझाव, ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा– कानून लागू करने को लेकर सरकार गंभीर।**
4. **नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा– रांची में स्थापित की जायेगी भगवान बिरसा मुंडा की विशालकाय प्रतिमा, हाहाप पंचायत को लघु झारखंड के रुप में किया जायेगा विकसित।**
5. **जमशेदपुर में टाटा स्टील का समर कैंप हुआ शुरु, 30 मई तक क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन समेत कई खेल गतिविधियों का होगा आयोजन।**

*******************

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आज नई दिल्ली में विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान की आक्रामक कार्रवाई जारी है।

प्रेस वार्ता में सेना की प्रवक्ता कर्नल शोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान फर्जी खबरों का सहारा ले रहा है। पाकिस्तान ने चिकित्सा केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया है। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी क्षति पहुंचाई हैं। पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की तैनाती बढ़ा रहा है।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई में पाकिस्तान के चिन्हित सैन्य ठिकानों विशेष रूप से तकनीकी ढांचे, कमांड और नियंत्रण केंद्र, रडार साइट और हथियार भंडारण क्षेत्र पर सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारतीय एस–400 हवाई रक्षा प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई क्षेत्रों को नष्ट करने के पाकिस्तानी के झूठे दावों को खारिज कर दिया।

*******************

इससे पहले भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट कर दिया है। यहां से ट्यूब लॉन्च ड्रोन छोड़ जा रहे थे। इसके अलावा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर स्थित बारामुला से भुज तक 26 स्थानों पर ड्रोन हमलों को विफल कर दिया। इनमें वे ड्रोन भी शामिल हैं जो, रिहायशी और सैनिक ठिकानों के लिए खतरा बन सकते थे।

*******************

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष को देखते हुए राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि सभी अस्पतालों को सातों दिन चौबीस घंटे सतर्क रहने को कहा गया है।

*******************

राज्य सरकार ने पेसा कानून का दूसरा मसौदा सार्वजनिक कर दिया है। इस पर लोगों के सुझाव मांगे गये हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि राज्य में पेसा कानून लागू करने को लेकर राज्य सरकार गंभीर है।

*******************

पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में आज सुबह अचानक आग गयी। आग लगने के कारण कंप्यूटर सहित कई सामान जलकर नष्ट हो गये हैं। अग्निशमन दल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उप डाकपाल अनाथ कुमार दास ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। इसकी जांच के लिए दुमका से अधिकारी आने वाले हैं।

*******************

रांची की हहाप पंचायात में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ स्ट्रैंथ नाम से स्थापित की जायेगी। यह जगह रांची से करीब 34 किलोमीटर दूरी पर टाटा हाइवे पर अवस्थित है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस स्थान को लघु झारखंड के रुप में विकसित करने की योजना है।

*******************

गुमला जिला प्रशासन ने विशेष रूप से अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाए हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 900 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

राज्य में फिर गर्मी बढ़ने लगी है। दुमका, गोड्डा, साहिबगंज समेत राज्य के कई हिस्सों में आज लू चल रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सयिस तक की वृद्धि संभव है। हालांकि रांची और आसपास के इलाके में शाम तक वर्षा की संभावना जतायी गयी है।

*******************

जमशेदपुर में टाटा स्टील का समर कैंप शुरू हो गया है। यह समर कैंप 30 मई तक चलेगा। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समर कैंप 30 मई तक चलेगा। इस दौरान 4 से 6 साल के बच्चों के लिए भी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसीडेंट डी बी सुंदर रामम ने बच्चों से समर कैंप का पूरा लाभ उठाने की अपील की है।

********समाप्त***********